तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]




## मानसून की पहली झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

आषाढ़ माह में मानसून ने जोरदार दस्तक देते हुए क्षेत्र में झमाझम बारिश की सौगात दी। करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई देने लगी। अच्छी वर्षा के बाद अब धान की बोनी का कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

किसानों का कहना है कि जिन खेतों में पहले ही धान की बुवाई कर दी गई थी, वहां अब बेहतर अंकुरण होगा। वहीं जिन किसानों ने अभी तक बोनी नहीं की थी, उनके लिए भी यह बारिश बेहद लाभदायक साबित होगी।

ग्राम अकोली के किसान मालिकराम निषाद ने बताया कि मानसून भले ही कुछ दिनों की देरी से पहुंचा हो, लेकिन अभी धान की बोनी के लिए पर्याप्त समय है। उन्होंने कहा कि समय पर हुई यह बारिश खेती के लिए बेहद उपयोगी है।

वहीं ग्राम मुर्रा के किसान गौकरण वर्मा ने कहा कि पहली अच्छी बारिश को किसान शुभ संकेत मान रहे हैं। इससे खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है और अब किसान बिना किसी चिंता के धान की बोनी में जुट गए हैं।

कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों का भी मानना है कि यदि आगामी दिनों में इसी तरह नियमित वर्षा होती रही तो इस खरीफ सीजन में अच्छी फसल की उम्मीद बढ़ जाएगी।

### खबर संक्षेप

## मनाई स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि



**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, नवागढ़ में युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं महान आध्यात्मिक चिंतक स्वामी विवेकानंद की 124वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रमुख वीरेन्द्र जायसवाल तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक विचारों, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रमुख वीरेन्द्र जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। उनके विचार आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण एवं मानव सेवा का संदेश देते हैं। यदि युवा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो वे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलकर अनुशासित, संस्कारित एवं राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित नागरिक बनने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### उड़नदस्ता की छापेमार कार्रवाई

# 275 बोरी यूरिया जब्त, कालाबाजारी पर प्रशासन का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कालाबाजारी पर जारी रहेगा अभियान

खरीफ सीजन में किसानों के लिए निर्धारित उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देवकर तहसील के ग्राम जानो में एक परिसर से 275 बोरी यूरिया जब्त किया है। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने गोपनीय सूचना के आधार पर अंजोर वर्मा के परिसर में औचक निरीक्षण किया, जहां उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बड़ी मात्रा में यूरिया का अवैध भंडारण पाए जाने पर उसे तत्काल जब्त कर लिया गया। संबंधित व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है तथा जवाब मिलने के बाद नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों के मौके पर पहुंच जाने के बाद प्रशासनिक

▶▶| शेष पेज 15 पर

### शिकायतकर्ताओं की पहचान रहेगी गोपनीय

जिला प्रशासन ने किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री या अन्य किसी प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिले तो इसकी सूचना कृषि विभाग अथवा जिला प्रशासन को दें। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा कृत्रिम अभाव उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा। पूरे जिले में लगातार निगरानी रखी जा रही है और शिकायत मिलते ही बिना पूर्व सूचना के जांच एवं छापेमार कार्रवाई की जाएगी।

### नमूने भेजे जाएंगे प्रयोगशाला

कृषि विभाग ने जब्त उर्वरकों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेजने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को मानक गुणवत्ता के उर्वरक ही उपलब्ध कराए जाएं और किसी भी प्रकार की मिलावट या गुणवत्ता संबंधी अनियमितता पर भी कार्रवाई हो सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट

▶▶| शेष पेज 15 पर

## गौमांस बिक्री की सूचना से बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



साजा मुख्यालय में शनिवार को शराब दुकान के समीप कथित रूप से गौमांस की बिक्री की सूचना मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बजरंग दल और गौसेवकों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। कुछ ही देर में आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र होने लगे, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। बजरंग दल का आरोप है कि घटनास्थल पर एक मृत पशु का मांस काटकर पॉलिथीन में पैक कर बिक्री के लिए तैयार किया जा रहा था। संगठन का दावा है कि मौके से दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया, जबकि तीन-चार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने बरामद मांस को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के अनुसार शनिवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि साजा में शराब दुकान के पास कथित रूप से गौमांस बेचा जा रहा है। सूचना मिलते ही संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आसपास निगरानी शुरू की। कार्यकर्ताओं का दावा है कि घटनास्थल पर एक व्यक्ति मांस काट रहा था, जबकि उसके अन्य साथी कथित मांस को पांच से दस किलो के पैकेट बनाकर दोपहिया वाहनों के माध्यम से ले जाने की तैयारी कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। संगठन के अनुसार दो लोग मौके से भाग निकले, जबकि दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। कार्यकर्ताओं का यह भी दावा है कि घटनास्थल से कथित मांस भी बरामद किया गया।

### बजरंग दल ने पुलिस पर तीन घंटे की देरी का लगाया आरोप

साजा थाना प्रभारी आर.के. टोंडे ने पुलिस के देर से पहुंचने के आरोपों पर कहा कि वह उस समय एक आधिकारिक बैठक में शामिल थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वह तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस ने मौके से संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में एक व्यक्ति मांस काटता हुआ मिला, जबकि उसके तीन-चार अन्य सहयोगियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। कुल मिलाकर चार से छह लोगों की संलिप्तता की आशंका है और फरार लोगों की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि घटनास्थल से बरामद मांस को जब्त कर लिया गया है


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93934 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर कल

**भिलाई।** 5 जुलाई को दोपहर 12 से 1 बजे तक सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श सेवाएं देने के लिए स्पेस्लिस्ट डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। एन आर गिलहरे ने बताया कि डॉ. जीवन लाल घीड़ले पेट, लीवर रोग विशेषज्ञ सेक्टर-9, डॉ. एडी बनर्जी छाती रोग विशेषज्ञ सेक्टर-9, डॉ. संगीता पात्रे प्रसूति, स्त्री रोग, निः संतानता विशेषज्ञ, डॉ. रितु कुर्रे चर्म रोग विशेषज्ञ निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने युवक लको गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बिजली कार्यालय के पीछे अवैध शराब बेचने वाले मीलपारा, उतई निवासी देवराज यादव को दबिश देकर पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने प्लास्टिक थैले में रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब (5.4 बल्क लीटर) तीन हजार रुपए का जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### चोरी करने वाली नौकरानी और उसका प्रेमी गिरफ्तार



**भिलाई।** मकान मालिक के घर में चोरी करने वाली नौकरानी और उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सूर्य विहार कालोनी जुनवानी निवासी रोहन कुखरानिया वृद्ध माता की देखरेख के लिए ममता चौहान को दो वर्षों से अपने घर में केयरटेकर के रूप में काम पर रखा गया था। 26 -27 जून को घर में शादी कार्यक्रम होने से परिवार के सदस्य व्यस्त थे। तभी मौका मिलने पर अलमारी में रखे नगदी राशि चोरी कर नौकारनी फरार हो गई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपीया के मोबाइल नंबर का तकनीकी जांच कर उसकी लोकेशन प्राप्त किया। प्रेमी और नौकरानी को पकड़ा गया। पूछताछ में सारागांव, जिला रायपुर निवासी प्रेमी शीतल वर्मा द्वारा पैसों की आवश्यकता होने पर चोरी किया। आरोपिया पिथौरा, जिला महासमुंद निवासी ममता चौहान ने अपने प्रेमी के साथ चोरी करना स्वीकार किया। उनके पास से पुलिस ने नगदी 23,500 और दो मोबाइल फोन जब्त किया है।

### प्रापर्टी डीलर पर चाकू से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

# विवादों में घिरे जिला ब्लड बैंक प्रभारी संविदा डॉ. जेपी मेश्राम ने छोड़ी नौकरी ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला ब्लड बैंक में संविदा के रूप में पदस्थ डॉ. जेपी मेश्राम की नौकरी छोड़ने की खबर है। डॉ. मेश्राम ब्लड बैंक प्रभारी रहे हैं। उनकी रायपुर स्थित एक पैथालॉजी में ज्वाइनिंग कर लेने की चर्चा है। स्टेशन मरोदा निवासी सिकलिंग पीड़िता 22 वर्षीय दीपिका गाड़ा की मौत मामले में ब्लड बैंक प्रभारी को भी जांच कमेटी ने आरोपी बनाया था। हालांकि उन पर कार्रवाई की अनुशंसा नहीं की गई है लेकिन ब्लड बैंक प्रभारी होने की वजह से उन पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही थी। जिस दिन दीपिका की मौत हुई थी सोशल मीडिया ने जब उनसे सवाल पूछा था तो उन्होने इसे सामान्य घटना कह दिया था। वहीं सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज ने जब उनसे प्रारंभिक जानकारी मांगी तो कह दिया था कि मृतिका दीपिका के यहां से कोई परिजन ब्लड बैंक ब्लड मांगने नहीं आया था।

**जिला अस्पताल में तीन दिन से अवकाश और उधर रायपुर के एक पैथॉलाजी में ज्वाइनिंग की खबर**

### ब्लड बैंक में चल रहा है डॉ. मेश्राम का अवकाश

सूत्रों के मुताबिक संविदा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मेश्राम तीन दिन से जिला ब्लड बैंक में नहीं आ रहे हैं। जिला अस्पताल प्रबंधन को अवकाश की सूचना दी है। लिखित तौर पर नौकरी छोड़ने विधिवत इस्तीफा अभी नहीं दिया है। इसलिए अस्पताल प्रबंधन भी अवकाश मान रहा है। इधर डॉ. मेश्राम से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि वे रायपुर स्थित एक लैब में ज्वाइनिंग कर चुके हैं और बकायदा सेवाएं भी दे रहे हैं।



### स्वास्थ्य संगठनों ने राज्य स्तरीय जांच की कि हैं मांग

सिकलिंग पीड़िता दीपिका की मौत मामले में जिला स्तर पर चार संविदा व एनएचएम कर्मियों पर कार्रवाई की गई है। ये चारों बर्खास्त कर दिए गए हैं। बर्खास्तगी के विरोध में स्वास्थ्य संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन इन कर्मियों की बहाली की मांग के साथ यह भी मांग की है कि इस मामले की जांच राज्य स्तर से करवाई जाए। यानी इस मामले में केवल कर्मियों को ही नहीं बल्कि डॉक्टरों को भी दोषी माना जा रहा है।

### नहीं मिला इस्तीफा

ब्लड बैंक संविदा डॉ. जेपी मेश्राम की नौकरी छोड़ने की खबर जरूर है लेकिन विधिवत इस्तीफा उनका नहीं आया है। अवकाश की सूचना उन्होने दी थी इसलिए हम अवकाश ही मानकर चल रहे हैं।

-डॉ. एके मिंज,
सिविल सर्जन

# कम बारिश से पिछड़ी बोनी, 40 हजार हेक्टेयर रकबा में बुआई कम

**पिछले साल वर्ष 2025 में 53.27% के मुकाबले इस बार केवल 25.57% क्षेत्र में बुआई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

जिले में मानसून की धीमी रफ्तार और जून के अंतिम सप्ताह तक पर्याप्त बारिश नहीं होने का असर खरीफ सीजन पर साफ दिखाई दे रहा है। कृषि विभाग की 2 जुलाई अनुसार जिले में अब तक केवल 37.818 हजार हेक्टेयर में बोनी हो सकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 78.216 हजार हेक्टेयर में बुआई पूरी हो चुकी थी। यानी एक साल में बोनी का रकबा लगभग 40.40 हजार हेक्टेयर कम है। कुल खरीफ लक्ष्य 147.920 हजार हेक्टेयर के मुकाबले इस वर्ष केवल 25.57 प्रतिशत क्षेत्र में बोनी हुई है, जबकि पिछले वर्ष 2 जुलाई तक यह आंकड़ा 53.27 प्रतिशत पहुंच गया था। मानसून के देर से सक्रिय होने और वर्षा की कमी के कारण किसान धान की रोपा पद्धति में पीछे हैं। छत्तीसगढ़ में मानसून का विस्तार भी जून के अंतिम सप्ताह में ही हुआ, जिससे शुरुआती कृषि गतिविधियां प्रभावित हुईं।



### 1.12 लाख किसानों की निगाहें आसमान पर

जिले में 1.12 लाख किसान हैं। ये किसान हर दिन आसमान की ओर टकटकी लगाएं हुए हैं कि आज अच्छी बारिश होगी लेकिन मौसम दगा दे रहा है। पिछले तीन दिन से आसमान पर बादल छाए हुए हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो रही है वह भी कुछ देर में थम जाती है। मौसम विभाग हर दिन मानसूनी बारिश होने का अनुमान जाहिर कर रहा है लेकिन हवाओं का रूख दुर्ग जिले की तरफ आकर भी गायब हो जा रहा है। हालात बेहद चिंताजनक है। किसानों ने बताया कि वर्ष 2024 में भी इसी तरह शुरूआती दौर में बारिश नहीं हुई थी लेकिन बाद में स्थिति संभल गई।

### कृषि विशेषज्ञों की राय-

कृषि विभाग वैज्ञानिक विजय जैन व उपसंचालक संदीप कुमार भोई का मानना है कि अगले 7-10 दिनों में अच्छी बारिश होने पर धान की बोनी तेजी पकड़ सकती है। लेकिन यदि वर्षा की कमी बनी रही तो किसान देर से बोई जाने वाली धान किस्मों के बजाय सोयाबीन, तिल, अरहर और अन्य वैकल्पिक फसलों की ओर रुख कर सकते हैं। दलहनी फसल लेने वाले किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

**खेती-किसानी की स्थिति**

| कुल बोनी (हजार हे.) | 2 जुलाई 2025 | 2 जुलाई 2026 |
|---|---|---|
| | 78.216 | 37.818 |
| कुल बोनी प्रतिशत में ) | 53.27 | 25.57 |
| धान क्षेत्र (हजार हे.) | 74.456 | 37.622 |
| कतार बोनी (हजार हे.) | 7.969 | 7.399 |

### धान की बोनी में सबसे बड़ी गिरावट

दुर्ग जिले में धान का कुल लक्ष्य 134.50 हजार हेक्टेयर है। पिछले वर्ष 2 जुलाई तक 74.456 हजार हेक्टेयर में धान संबंधी कार्य हो चुके थे, जबकि इस बार यह आंकड़ा घटकर 37.622 हजार हेक्टेयर रह गया है। इसी तरह रोपाई में 5.200 हजार हेक्टेयर से घटकर 0.044 हजार हेक्टेयर तक हुआ है। बोता पद्धति में 61.250 हजार हेक्टेयर से घटकर 30.179 हजार हेक्टेयर तक हो पाया है। नर्सरी की स्थिति यह है कि पिछले साल यानी वर्ष 2025 में 1.928 हजार हेक्टेयर से घटकर इस बार 0.990 हजार हेक्टेयर तक हो गया है।

### कतार बोनी में बढ़ी रुचि

जिले में किसानों ने इस बार कतार बोनी की तरफ ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। धान की कतार बोनी इस वर्ष 67.24 प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंच चुकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 65.64 प्रतिशत थी। यह संकेत है कि किसान कम नमी की स्थिति में भी बुआई पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जून में इस बार 62% बारिश कम

मानसूनी बारिश का सीजन 1 मई से शुरू हो जाता है। इस बार 1 मई से 3 जून तक दुर्ग जिले में 62 प्रतिशत बारिश कम हुई है। अब तक केवल 86.6 मिलीमीटर बारिश हो पाई है। जबकि 228.8 मिलीमीटर बारिश सामान्य बारिश की श्रेणी में यहां के लिए है। जिले के 6 वेदर स्टेशन हैं। इनमें वर्षामापक यंत्र लगे हैं जहां से बारिश का रिकार्ड दर्ज किया जाता है। हाल यह है कि इनमें से केवल दो स्टेशनों में ही बारिश दर्ज हो पाई है। अब तक पाटन में सबसे ज्यादा 21.4 मिलीमीटर बारिश हुई है। दुर्ग में 4.2 मिलीमीटर बारिश और भिलाई में महज 0.02 मिलीमीटर बारिश हुई है। शेष बोरी, अहिवारा,धमधा में इतनी बारिश ही नहीं हुई है कि रिकार्ड हो सके। यानी यहां स्थिति शून्य है।

### जिला चिकित्सालय में युवती की मौत की हो जांच, कलेक्टर से हुई शिकायत



**दुर्ग।** कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर ने जिला चिकित्सालय दुर्ग में गंभीर एनीमिया से पीड़ित 22 वर्षीय युवती की उपचार के दौरान हुई मृत्यु को अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक बताते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने तथा वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि युवती को समय पर रक्त उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि शासन की व्यवस्था के तहत उसे निःशुल्क रक्त मिलना चाहिए था। लगभग 48 घंटे तक रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी मृत्यु होना स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई आंतरिक जांच में केवल कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई कर मामले को सीमित करने का प्रयास दिखाई देता है, जबकि इस पूरे प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यदि जांच अस्पताल प्रशासन स्वयं करेगा तो उसकी निष्पक्षता पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठेंगे। इस संबंध में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि इस पूरे प्रकरण की जिला प्रशासन के स्तर पर स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए, वास्तविक दोषियों की जवाबदेही तय की जाए तथा किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को संरक्षण दिए बिना दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सुशील भारद्वाज, विजय चंद्राकर, गुरदीप भाटिया, आनंद देव ताम्रकार, देव साहू, पोषण साहू, संजय बत्रा, प्रकाश जोशी मौजूद थे।

# पंडवानी गायिका तीजन के स्वास्थ्य में गिरावट, आईसीयू से सीसीयू में शिफ्ट

**भिलाई ।** पिछले महीनेभर से एम्स अस्पताल रायपुर में भर्ती प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के स्वास्थ्य में गिरावट आ रही है। उनकी हालत गंभीर होने पर सीसीयू में शिफ्ट किया गया है। डाक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य पर सतत निगरानी रखे हुए है। पैरालाइज अटैक के कारण पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायिका तीजन बाई को बीपी बढ़ने और यूरिन संबंधी शिकायत पर 27 मई को एम्स में भर्ती कराया गया था। निमोनिया के चलते हालत गंभीर होने पर आईसीयू में उपचार चल रहा था। महीनेभर से उनके स्वास्थ्य में कभी आंशिक सुधार तो कभी गिरावट का दौर जारी है। पारिवारिक और अस्पताल सूत्रों के मुताबिक पिछले दो दिनों से तीजन बाई हालत नाजुक बनी हुई है। हफ्तेभर पूर्व उन्हें हालत अधिक बिगड़ने पर आईसीयू से सीसीयू में शिफ्ट किया गया था। परिजनों ने बताया कि डाक्टर उन्हें खतरे से बाहर लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन लंग्स व हार्ट के कमजोर होने से उनकी प्रतिरोधक क्षमता अत्यंत कम हो गई है। अस्पताल में तीजन बाई के परिवार के सदस्य डाक्टरों के लगातार संपर्क में हैं।



### वर्चस्व की रंजिश के चलते हत्या का प्रयास तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** वर्चस्व की रंजिश में हत्या के प्रयास मामले में पुलिस ने दो महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पीएम आवास, खम्हरिया निवासी शीतल वर्मा 1 जुलाई को मोहल्ले की आरोपी परी खान के साथ लक्की सरदार को लेकर विवाद हुआ था। विवाद से नाराज होकर परी खान ने अपने पति लक्की सरदार, नागपुर बहन मुस्कान और जीजा राहुल यादव के साथ मिलकर महिला पर प्राणघातक हमला की साजिश रच दी। प्लान के तहत रात 8 बजे तीनों आरोपियों ने ज्वलनशील पदार्थ लेकर शीतला के घर पहुंचे, जहां महिला के साथ मारपीट कर उसके शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर हत्या करने का प्रयास किया। किसी तरह पीड़िता अपनी जान बचाकर भाग निकली। फरार आरोपी को नागपुर जाने की संभावना पर पतासाजी की गई। पूछताछ में आरोपियों ने पूर्व में लक्की सरदार के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की बात से आक्रोश होकर हत्या की योजना बनाना स्वीकार किया।

## इलाज के लिए भटक रही मरीज आप ने दी आंदोलन की चेतावनी

**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी ने बरसात के मौसम में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। आप ने आरोप लगाया है कि इलाज के लिए मरीज भटक रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि हर वर्ष मानसून के साथ मलेरिया, डेंगू, डायरिया, टाइफाइड और अन्य संक्रामक बीमारियां बढ़ जाती हैं, लेकिन सरकारी अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था के कारण मरीजों को समय पर उपचार तक उपलब्ध नहीं हो पाता। वैशाली नगर विधानसभा के संगठन मंत्री बलविंदर सिंह ने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आप ने मोहल्ला स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाकर आम नागरिक को सम्मानजनक एवं निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों, उपकरणों और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी के कारण जनता परेशान है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक यानी सीएडी की ऑडिट रिपोर्ट स्वयं प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर करती है। प्रदेश में एक डॉक्टर पर लगभग 2,492 लोगों का भार है।

## पेटीएम एजेंट ने किया महिला से ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** खाते से रकम ट्रांसफर कर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 36 गंजपारा दुर्ग निवासी मधु शर्मा ने दुर्ग न्यायालय में परिवाद दायर किया था। जिसमें सेक्टर 3 निवासी पेटीएम एजेंट संत कुमार पात्रे 25 नवम्बर 2025 को साऊंडबाक्स लगाने आया था। पीड़िता के मोबाईल में पेटीएम एप के माध्यम से 2.16 लाख का लोन लिया गया। जिसकी जानकारी पीड़िता को नहीं थी। दोबारा पेटीएम एजेंट संत कुमार पात्रे पीड़िता के दुकान में आकर मोबाईल मांगकर पेटीएम एप्लीकेशन से 1 लाख रुपए की राशि का अपने एकाउंट में डालकर ट्रांसफर कर लिया। दोबारा फिर इसी तरह रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। इस तरह दो लाख 16 हजार रुपए की ठगी किया। 13 दिसंबर 2025 को पेटीएम बिजनेश एप के द्वारा परिवादिनी को फोन आया। उन्होंने परिवादिनी को बताया कि आपका लोन चल रहा है, जिसकी राशि नहीं दी गई है। तब परिवादिनी को ज्ञात हुआ कि उसके पेटीएम बिजनेश एप से किसी भी प्रकार का कोई लोन नहीं लिया है। उक्त लोन परिवादिनी के पेटीएम एप के माध्यम से पेटीएम कंपनी का एजेंट के द्वारा उक्त ठगी करना पाया गया। शिकायत पुलिस थाने में की गई लेकिन पुलिस ने एजेंट पर कोई कार्रवाई नहीं करने के पर न्यायालय दुर्ग में पीड़िता ने एजेंट के खिलाफ परिवाद दायर किया।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोटः-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
..................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................. 2. पिता/पति का नाम..........................................
3. जन्मतिथि........................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम......................पो..........................तहसील..........................
जिला..............................
पिन कोड...................................मोबाईल नं. 1......................2......................व्हाट्सअप नं.......................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)...........................................................
7. शैक्षणिक योगयताः-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


**परिजनों ने सुरक्षा में लापरवाही का लगाया था आरोप**

# हरिओम टीएमटी में करंट लगने से हुई थी वेल्डर की मौत तीन दिन बाद हुआ पोस्टमार्टम, रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



**आश्रितों को मुआवजे के रूप में 9 लाख रुपए और 25 हजार रुपए अंतिम संस्कार के लिए दिए गए**

जामुल थाना क्षेत्र के छावनी स्थित हरिओम टीएमटी प्लांट में करंट लगने से हुई 50 वर्षीय वेल्डर ब्रह्मदेव सिंह की मौत के मामले में घटना के तीन दिन बाद शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि मौत कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में कमी के कारण हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। ब्रह्मदेव सिंह, कैंप-1 अर्जुन नगर के निवासी थे और हरिओम टीएमटी के मैकेनिकल विभाग में वेल्डिंग का कार्य करते थे। 1 जुलाई की सुबह प्लांट में काम के दौरान करंट लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। उन्हें तत्काल खुर्सीपार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भांजे चितरंजन सिंह ने आरोप लगाया था कि फैक्ट्री में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण यह हादसा हुआ। उनका कहना था कि यदि सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम होते तो ब्रह्मदेव सिंह की जान बचाई जा सकती थी। वहीं कंपनी प्रबंधन ने इस आरोप से इनकार करते हुए दावा किया कि यह आत्महत्या का मामला है। ऐसे में अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पोस्टमार्टम में देरी इसलिए हुई क्योंकि कंपनी प्रबंधन और मृतक के परिजन समय पर अस्पताल नहीं पहुंचे थे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजन अस्पताल में मौजूद रहे। परिजनों में भिलाई निवासी उमाशंकर और बिहार से पहुंचे द्वारिका प्रसाद ने बताया कि कंपनी प्रबंधन ने शुरुआत में 5 से 6 लाख रुपए मुआवजा देने की पेशकश की थी। विरोध के बाद मुआवजे की राशि बढ़ाकर 9 लाख रुपए कर दी गई। इसके अलावा अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म के लिए 25 हजार रुपए अलग से दिए गए। अब इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के आधार पर ही यह तय होगा कि मौत कार्यस्थल पर सुरक्षा में लापरवाही का परिणाम थी या कंपनी प्रबंधन का दावा सही है।

# कोटवारों ने उठाई नियमितीकरण व वेतन वृद्धि की मांग, पेंशन और ग्रेच्युटी भी चाहिए

## निकाय क्षेत्रों में प्रतिबंध हटाए जाने सहित कई प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

प्रदेश के कोटवारों ने अपनी वर्षों पुरानी लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। कोटवार संघ का कहना है कि वे लंबे समय से प्रशासन और आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल पाया है। इससे प्रदेशभर के कोटवार और उनके परिवार आर्थिक व सामाजिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

जनपद पंचायत पाटन के सामने कोटवार संघ द्वारा प्रदेश संगठन के आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से कोटवार संघ के दुर्ग संभाग अध्यक्ष भुनेश्वर चोपड़ा मौजूद रहे। वही कोटवार संघ के मांग का समर्थन करने दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कोटवार संघ की मांगो को पूरा करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि कोटवारों को इस लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ है।



संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार पाटन पवन ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अंग्रेजों के शासनकाल से कोटवार राजस्व विभाग के सहयोगी के रूप में कार्य करते आ रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें नाममात्र का पारिश्रमिक दिया जा रहा है। सेवा अवधि पूरी होने, मृत्यु अथवा सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी सहित अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता, जिससे वृद्धावस्था में उन्हें कठिन जीवन बिताना पड़ता है। कोटवार संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय का भी हवाला दिया है, जिसमें विभिन्न विभागों में लंबे समय से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने की बात कही गई है। इसी आधार पर संघ ने कोटवारों को नियमित कर राजस्व विभाग में संविलियन करने की मांग की है। संघ ने वर्तमान पारिश्रमिक को महंगाई के अनुरूप बढ़ाने की भी मांग रखी है। ज्ञापन के अनुसार वर्तमान में सेवा भूमि के आधार पर 3 हजार से 6 हजार रुपये तक मासिक पारिश्रमिक दिया जाता है, जिसे बढ़ाकर अलग-अलग श्रेणियों में 8 हजार से 15 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग की गई है।

कोटवार संघ ने नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को तत्काल हटाने की भी मांग करते हुए शासन से सभी लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। इस अवसर पर कोटवार एसोशिएशन आफ छत्तीसगढ़ के संरक्षक हेमंत कुलदीप, अध्यक्ष बीरबल चौहान, उपाध्यक्ष ऐश्वर्य कुमार, परमेश्वर, दिल्लू, मोहन लाल, चोवा राम, दिलेश्वर प्रसाद, उमा मानिकपुरी, गोपाल चंदेल, ओम प्रकाश, मुन्ना लाल, इतवारी राम, हिम्मत दास, नीलकंठ, शिव प्रसाद, मोहन लाल, सुशील दास, दुसियांत सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी कर्मी से ठगी

**भिलाई।** ठगी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बीएसपी कर्मी राजेश कुमार चौरसिया ने माह अक्टूबर 2025 में ग्रीन रेस प्राय. लिमी. कंपनी के डाटा एंट्री वर्क करने के लिए कंपनी के साथ एग्रीमेन्ट कर मेडिकल डाटा एण्ट्री का काम शुरू किया था। एंट्री को अपलोड करते के समय अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारक के द्वारा डेटा करप्ट, बैय साईड केश को सुधारने एवं पेमेन्ट रिलिज कराने का झांसा देकर विभिन्न समय में पीड़ित से 39.33 लाख 560 रुपए का आनलाईन ट्रांसफर कर ठगी किया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत



**पाटन।** बटंग स्थित शासकीय हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक ने इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें अध्ययन सामग्री वितरित की तथा मिठाई खिलाकर नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएँ दीं। इस गरिमामय कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, ग्राम सरपंच गेंदूराम वर्मा, उपसरपंच महेश्वरी आदि मौजूद थे।

### वीबी जी रामजी योजना बड़ी सौगात : माया

**निकुम।** विकसित भारत वी. बी - जी रामजी योजना के पूरे देश में 1 जुलाई से शुरूआत के अवसर पर भाजपा नेत्री प्रदेश कार्य समिति



सदस्य व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग माया बेलचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और अकुशल श्रमिकों के आर्थिक उत्थान के लिए केंद्र और राज्य सरकार भाजपा की डबल इंजन की सरकार निरंतर बड़े फैसला लिए। भारत सरकार द्वारा जारी हाजिरी सूचना के तहत छत्तीसगढ़ में ग्रामीण श्रमिकों के साथ-साथ बीवी राम जी योजना अंतर्गत अकुशल श्रमिकों में 39 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी की गई है।

### बीएसपी से स्क्रैप लोहा चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** बीएसपी में दीवार फांदकर स्क्रैप चोरी करने वाले एक युवको



को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया प्लांट के केनाल गेट के पास बिना नंबर की स्कूटी में दो क्रॉस स्ट्रीट-4, क्वार्टर नं. 10-सी, सेक्टर-5 निवासी सोनू नायक, सेक्टर-5, सड़क नं. 17, उड़िया बस्ती पुष्पेंद्र दीप उर्फ पुष्पा सवार थे। उनके पास से 220 किलोग्राम स्क्रैप आयरन चोरी जब्त किया गया। सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम ने इसे रोकने का प्रयास करने पर स्कूटी में पीछे बैठा युवक सोनू अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। जबकि चालक को चोरी के सामान समेत पकड़ा गया। फरार सोनू की की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी पुष्पेंद्र दीप उर्फ पुष्पा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी के पास से 220 किलोग्राम स्क्रैप आयरन 5,500, स्कूटी 40,000, मोबाइल फोन 7,000 का जब्त किया गया है।

## कांग्रेस ने आंदोलन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# नकटी गांव में गरीबों का आशियाना उजाड़ने के विरोध में पुतला दहन

### न्याय दिलाने और तत्काल पुनर्वास की आवाज बुलंद की कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओखरा मुरमुन्दा

रायपुर जिले के धरसीवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नकटी में अतिक्रमण हटाने के नाम पर 85 गरीब एवं ग्रामीण परिवारों के मकान तोड़े जाने की घटना के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहिवारा के तत्वावधान में मुरमुंदा चौक पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया। इसके पश्चात राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन भूपेंद्र नेताम नायब तहसीलदार को सौंपकर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने एवं तत्काल पुनर्वास की मांग की गई।





पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झूमा-झटकी भी देखने को मिली। बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गरीब परिवारों के साथ हुए व्यवहार को अमानवीय बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों का आशियाना उजाड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस भूमि को आज अतिक्रमण बताकर खाली कराया जा रहा है, उसी स्थान पर वर्षों से रह रहे लोगों को बिजली कनेक्शन, सड़क, नल-जल योजना, प्रधानमंत्री आवास सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ किस आधार पर दिया गया था? यदि वह भूमि वास्तव में शासकीय अतिक्रमण थी, तो सरकार और प्रशासन इतने वर्षों तक मौन क्यों रहे?

ठाकुर ने यह भी प्रश्न उठाया कि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा कार्रवाई से एक दिन पहले ग्रामीणों को आश्वासन दिए जाने के बावजूद अगले ही दिन तड़के लगभग 3 बजे हजारों की संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अमला पहुंचकर मकानों को तोड़ने की कार्रवाई क्यों शुरू कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह सरकार की कथनी और करनी के बीच के अंतर को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में 85 परिवारों को बेघर कर देना अत्यंत अमानवीय और संवेदनहीन कदम है। छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं तथा उनका वर्षों का आशियाना मलबे में तब्दील हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, उचित मुआवजा तथा मानवीय सहायता की तत्काल घोषणा करनी चाहिए।

कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि प्रभावित ग्रामीणों को शीघ्र न्याय नहीं मिला और उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी प्रदेशभर में जनआंदोलन को और तेज करेगी। ठाकुर ने कहा कि गरीबों पर अत्याचार करने वाली भाजपा सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी।

इस दौरान हीरा वर्मा जिला उपाध्यक्ष, उमेश साहू ब्लॉक अध्यक्ष अहिवारा, पंकज कुमार सिकट उपाध्यक्ष कांग्रेस आईटी सेल अहिवारा, उषा सोने जिला पंचायत सदस्य दुर्ग आकाश कुर्रे पूर्व जिला सभापति दुर्ग, प्रकाश सिंह ठाकुर, कमलेश साहू ब्लॉक अध्यक्ष जामुल, संतोष बाफना अध्यक्ष अहिवारा नगर, योगेश टिकरिया उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहिवारा विजय चौबे, सोनू सोनवानी, धरम बर्रे ब्लॉक महामंत्री, रोहित यादव महामंत्री, जगदीश मार्कण्डेय, सुमन साहू मंडल अध्यक्ष, राजा साहू बोरसी, अशोक आडिल उपाध्यक्ष, हेमंत साहू युवा कांग्रेस, उमेश बंजारे, सुमित दिवाकर लहंगा, अभिषेक जांगड़े, ओमप्रकाश मधुकर, विष्णु मधुकर, भूपेंद्र साहू, दिनेश्वर चंदेल, शुभम बंजारे, बिट्टू बंजारे, दीपक मानिकपुरी, संतोष निर्मलकर, भोज पाटले, जसवंत गायकवाड़, चेतन साहू, चेतन वास, नीलिमा साहू, सुमित एवं समस्त साथी कांग्रेस गण उपस्थित थे।



## आनंद मार्ग के शिविर में योग और साधना के प्रभाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ विनायकपुर में विभिन्न जिलों से जुटे सैकड़ों आनंदमार्गी

ग्राम विनायकपुर में आनंद मार्ग प्रचारक संघ, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में विगत दिनों तीन दिवसीय सेमिनार एवं योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के गांवों सहित विभिन्न जिलों से लगभग 200 लोगों ने भाग लिया।

शिविर के केंद्रीय प्रशिक्षक आचार्य गम्भीरानंद अवधूत ने प्रथम दिवस प्रउत दर्शन के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्राचीन भारत के छह प्रमुख दर्शनों की चर्चा करते हुए कार्ल मार्क्स, प्लेटो और अरस्तु के सिद्धांतों का उल्लेख किया। दूसरे दिन सृष्टि की उत्पत्ति, विकास, रूप एवं रूपातीत जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की गई। वहीं तीसरे दिन विभिन्न योग आसनों के शरीर एवं मन पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही साधना के माध्यम से कुंडलिनी जागरण और सालोक्य से कैवल्य भाव तक की आध्यात्मिक अनुभूतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। शिविर के दौरान आचार्य शिवानंद दानी, आचार्य सुष्मितानंद एवं आनंदप्रभा ने प्रतिदिन योगाभ्यास कराया और विभिन्न शारीरिक समस्याओं के निदान हेतु उपयोगी आसनों की जानकारी दी। वहीं आचार्य सुभद्रानंद द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### वर्मा बने भाजपा किसान मोर्चा भिलाई जिला उपाध्यक्ष

**सेलूद।** मोरिद ग्राम के सक्रिय भाजपा नेता कृष्ण कुमार वर्मा को किसान मोर्चा



भिलाई का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।उनकी इस नियुक्ति की घोषणा के बाद से ही क्षेत्र के किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस नियुक्ति पर वरुण यादव, उपकार चंद्राकर, राजू लाल नेताम,मोनेश गौतम, सुशील यादव,प्रसुन्न बेनर्जी,सुशील शर्मा, प्रदीप जैन, पी. एन. शर्मा, डॉक्टर राधेश्याम वर्मा और प्रेम लाल साहु सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

## कबीर प्राकट्य दिवस पर समाज के लिए मांगा भवन, पूजा-अर्चना भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

वार्ड क्र. 17 रामपुर (चोरहा) में श्रीश्री कबीर पंथ समाज के अनुयायियों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से कबीर प्राकट्य दिवस मनाया। संत कबीर के 628 वें वर्ष के इस आयोजन में समस्त कबीरपंथी एकत्र हुए और पूजा अर्चना की इस धार्मिक उत्सव में मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। इसके अलावा पार्षद अश्विनी देशलहरे उपस्थित रहे। कबीरपंथी समाज के लोगों ने समस्त ग्राम वासियों का धन्यवाद किया और कहा कि उनके सहयोग से यह आयोजन सफल हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी ने बताया कि विगत 10 वर्षों से श्रद्धा और भक्ति भाव तथा उत्साह पूर्वक सतत श्रीकबीर प्राकट्य दिवस वार्ड में आयोजित किया जाता रहा है साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों ने अध्यक्षा मीना वर्मा से निवेदन कर कबीर समाज हेतु भवन निर्माण कराने ज्ञापन सौंपा। आयोजन में समाज के हरिदास, शेषनारायण, एन दास, भागवत दास, मनीष दास, भूपेंद्र दास तथा भामिन माता की ओर से श्रीमती रामप्यारी, लक्ष्मी, गोमती और टेकेश्वरी तथा ग्रामवासी रामू, कुंदन, ध्रुव सहित समाज के अनेक युवकों-युवतियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।



## बेटियों के सपनों को मिले पंख, शिक्षा के लिए अब साइकिल से जाएंगी स्कूल, वितरण की साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ 9वीं की 22 छात्राओं को बांटी साइकिल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गनियारी में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं की 22 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। पूरे जिले में साइकिल वितरण किया जा रहा है। 9वीं की छात्राओं को साइकिल बांटी जा रही है। गनियारी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रेमलाल साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राज कुमार साहू, महापौर निर्मल कोसरे, पूर्व अध्यक्ष सीता साहू शामिल हुए। प्रेमलाल साहू ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना केवल साइकिल देने की योजना नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास, शिक्षा और सशक्तिकरण की यात्रा को गति देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेटी केवल अपने परिवार का ही नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य संवारती है। उन्होंने छात्राओं से मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन में बड़े सपने देखें और उन्हें साकार करने के लिए पूरे समर्पण के साथ प्रयास करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सायकल प्राप्त करने वाली छात्राएं भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। राज कुमार साहू ने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है।

विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए । उन्होंने छात्राओं को साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने तथा नियमित विद्यालय आने का आह्वान किया। महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना किसी भी समाज के विकास की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। सरस्वती साइकिल योजना से ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रहेगी और विद्यालय छोड़ने की संभावना भी कम होगी।

## पर्सनल आईडी से बनाता था ई टिकट, संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन चॉइस सेंटर पर आरपीएफ की टीम ने दबिश देकर संचालक को गिरफ्तार किया है। दुर्ग आरपीएफ प्रभारी एसके सिन्हा ने बताया कि उतई स्थित सदभावना चौक ऑनलाइन चॉइस सेंटर के ग्राम घुघवा भिलाई तीन निवासी संचालक भोज कुमार साहू द्वारा पर्सनल आईडी से ई टिकट बनाया करता था। संचालक भोज को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से रेलवे के 9 आरक्षित ई-टिकट जब्त किया गया। टिकट की कीमत 16 हजार 290 रुपए है। इनमें दो टिकट ऐसे थे, जो उस समय लाइव थे। उनकी कीमत 7,259 रुपए थी। रेलवे पुलिस के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, बिलासपुर के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रायपुर के मार्गदर्शन में रेलवे टिकटों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने अभियान चलाया गया था। प्रभारी एसके सिन्हा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। टीम में उप निरीक्षक सनातन थनापति, आरक्षक एस.आर. मीणा मौजूद थे।

## पेज 13 के शेष

### 275 बोरी यूरिया जब्त...

टीम ने कार्रवाई पूरी की। इस फिलहाल प्रशासन ने आधिकारिक रूप से केवल 275 बोरी यूरिया जब्त किए जाने की पुष्टि की है। मामले की जांच आगे बढ़ने के साथ अन्य तथ्यों के भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

### नमूने भेजे जाएंगे ...

किया है कि खरीफ सीजन के दौरान उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध भंडारण तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि कोई निजी कृषि केंद्र, विक्रेता या सहकारी संस्था इस प्रकार की अनियमितता करते हुए पाई जाती है तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी तथा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का जन्म दिन मनाया



**नवागढ़।** नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम नांदल में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। आयोजन को ज्ञान दान, ध्यान और सेवा की भावना के साथ संपन्न किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नंदकुमार साय रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के समाजसेवी विशाल खंडेलवाल तथा विशेष अतिथि के रूप में बेमेतरा के जनसेवक एवं भाजपा नेता शिवम तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही वृक्षारोपण, सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीश्री 1008 बागेश्वर धाम सेवा समिति, बेमेतरा के जिलाध्यक्ष किशोर सप्रे, जिला उपाध्यक्ष रमेश साहू, सचिव रूपेंद्र साहू, सह सचिव बिसाहू सप्रे, रवि साहू, पुखराज साहू, रूपराम साहू, रामलाल साहू, सुनीता लहरे, खुशी लहरे, आचार्य कृष्णा तिवारी, पंडित प्रकाश पुरी गोस्वामी, जितेश साहू, दिनेश साहू, सूर्या सिन्हा, भूपेंद्र साहू, दीपक साहू एवं दुर्गेश साहू सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मंत्री सिन्हा 6-7 जुलाई को सरगुजा प्रवास पर रहेंगे

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा 6 एवं 7 जुलाई को सरगुजा संभाग के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हुए जिला कार्यसमिति की बैठकों और प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री सिन्हा 6 जुलाई को सूरजपुर तथा 7 जुलाई को सरगुजा जिले में आयोजित भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रथम जिला कार्यसमिति एवं प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल होंगे।




# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में 'डैडी'ज बडी डे' की धूम, पिता-बच्चों के अटूट रिश्ते का बना यादगार उत्सव

### हैंड प्रिंट सेरेमनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और रोचक प्रतियोगिताओं में पिता-बच्चों ने दिखाई शानदार सहभागिता

हरिभूमि न्यूज : बेमेतरा

शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कार, पारिवारिक मूल्यों और भावनात्मक रिश्तों को मजबूत करने का भी माध्यम है। इसी सोच को साकार करते हुए एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा में शनिवार को 'डैडी'ज बडी डे' का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। पिता और बच्चों के बीच प्रेम, विश्वास, अपनत्व तथा मजबूत भावनात्मक जुड़ाव को समर्पित इस आयोजन में विद्यालय परिसर पूरे दिन उल्लास, आत्मीयता और उत्साह से सराबोर रहा। बच्चों ने जहां अपने पिताओं के साथ खुलकर हर गतिविधि का आनंद लिया, वहीं अभिभावकों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भागीदारी निभाकर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत 'फादर एंड चाइल्ड हैंड प्रिंट सेरेमनी' से हुई। इस विशेष गतिविधि में पिता और बच्चों ने एक साथ अपने हाथों की रंगीन छाप अंकित कर जीवनभर साथ निभाने, विश्वास और अटूट रिश्ते का संदेश दिया। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना नहीं, बल्कि ऐसे अवसर उपलब्ध कराना भी है, जिनसे परिवार और विद्यालय के




बीच मजबूत समन्वय स्थापित हो तथा बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी अधिकारी विनीत राजोरिया, हेडमिस्ट्रेस स्मृति शाही, प्री-प्राइमरी विंग की समस्त शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, जबकि प्री-प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह ने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण पिता एवं बच्चों के लिए आयोजित मनोरंजक प्रतियोगिताएं रहीं। विभिन्न खेलों और गतिविधियों में अभिभावकों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। 'फोल्ड फास्ट, स्टैक स्मार्ट' प्रतियोगिता में युगश्रेष्ठ चंद्राकर विजेता तथा डॉ. धर्मेन्द्र कंवर उपविजेता रहे। 'ब्लो, स्टिक एंड विन' में मंदीप सिंह बग्गा ने पहला तथा राकेश कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विशेष सम्मान 'डैडी ऑफ द डे' से हरजीत सिंह एवं उनके पुत्र हरनूर सिंह को सम्मानित किया गया।

### मुरता पंचायत में हितग्राहियों से अधिकारियों ने किया सीधा संवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा

# जन चौपाल में आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, जल संरक्षण और स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज : बेमेतरा



जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरता के पंचायत भवन परिसर में आयोजित जन चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर आवास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने तथा प्रगतिरत आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जन चौपाल में अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने हितग्राहियों से शासन की योजनाओं का पूरा लाभ उठाते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने और समय पर आवास पूर्ण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया। वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) एवं सोख्ता गड्ढों के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि भू-जल स्तर बनाए रखने और भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्षा जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान भी किया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम के निर्माण को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों से स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। जन चौपाल में जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष, जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय कर्मचारियों की प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित



हरिभूमि न्यूज : बेमेतरा

प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी 13 जुलाई से अपनी लंबित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के बैनर तले प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले थे। हालांकि, नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव आर. संगीता के साथ हुई सकारात्मक वार्ता के बाद संघ ने फिलहाल हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी है। जिला अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में सचिव के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों की सभी प्रमुख मांगों पर बिंदुवार चर्चा हुई। वार्ता के दौरान दो महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति बनी। इनमें कर्मचारियों को प्रत्येक माह समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करना तथा एनपीएस एवं जीपीएफ मद में कर्मचारियों से काटी गई राशि उनके खातों में नियमित रूप से जमा कराना शामिल है। इसके अलावा नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के तीन-चार माह से लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान कराने पर भी सहमति बनी। उन्होंने बताया कि अन्य मांगों, जिनमें नया सेटअप तैयार कर पदोन्नति, पुरानी पेंशन योजना लागू करना, सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान तथा लंबित अनुकंपा नियुक्तियों का निराकरण शामिल है, पर सचिव ने गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बताया गया कि इन विषयों पर नीतिगत स्तर पर आगामी तीन माह के भीतर सकारात्मक निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी तीन माह के भीतर मांगों के समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई, तो आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। सचिव से वार्ता करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, महिला उपाध्यक्ष शिल्पा मेश्राम, सह-कोषाध्यक्ष माहितोष शर्मा तथा प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर शामिल रहे।

# राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर सेवा और समर्पण को किया नमन

हरिभूमि न्यूज : बेमेतरा



■ प्रेरणा मेन क्लब ने जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों का किया सम्मान, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर जताया आभार

समाज के स्वस्थ भविष्य के निर्माण में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर प्रेरणा मेन क्लब, बेमेतरा द्वारा जिला चिकित्सालय में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके समर्पण, सेवा भावना और मानवीय योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सकों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ। क्लब की ओर से उपस्थित सभी चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि समाज में जीवन और आशा का संचार भी करते हैं। विषम परिस्थितियों में भी उनका समर्पण और सेवा भाव सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सम्मान समारोह के उपरांत राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सकों के साथ केक काटकर खुशियां साझा की गईं तथा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूरे समय आत्मीयता, सम्मान और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. लोकेश साहू, डॉ. बुद्धेश्वर वर्मा, डॉ. कोसरिया, डॉ. विभा बर्मन, डॉ. नितीश चौबे, डॉ. दीपक निराला, डॉ. अमिताभ, डॉ. सुभाष साहू, डॉ. खुशबू देवांगन, डॉ. लीना साहू, डॉ. वासुदेव, डॉ. विद्या, डॉ. अजीत तथा डॉ. जायसवाल सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रेरणा मेन क्लब के अध्यक्ष लिनेश वर्षा गौतम, सचिव लिनेश कनकलता मिश्रा, कोषाध्यक्ष रानी रवानी सहित नेहा वर्मा, आरती साहू, नीतू कोठारी, नीलम साहू, पिंकी नेमा एवं मुमताज़ रवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन रानी रवानी ने किया, जबकि मुमताज़ रवानी ने उपस्थित चिकित्सकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर आयोजित यह सम्मान समारोह चिकित्सकों के प्रति समाज के सम्मान, विश्वास और कृतज्ञता का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया।

## सीए फाउंडेशन में जिला टॉपर बनीं पलक भाई का आईआईटी रुड़की में चयन

हरिभूमि न्यूज : बेमेतरा

■ डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता के पूर्व विद्यार्थियों ने जिले का बढ़ाया मान

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता के पूर्व छात्र-छात्रा सगे भाई-बहन ने अपनी शानदार सफलता से जिले और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की पूर्व छात्रा पलक महेश्वरी ने सीए फाउंडेशन परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। वहीं उनके सगे भाई वेदांश महेश्वरी का चयन देश के प्रतिष्ठित आईआईटी रुड़की में हुआ है। दोनों भाई-बहनों की इस उपलब्धि को विद्यालय परिवार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और सतत मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। विद्यालय में अध्ययन के दौरान भी दोनों विद्यार्थियों ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था और जिला स्तर पर पहचान बनाई थी। विद्यालय का कहना है कि शिक्षकों के मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर प्रोत्साहन ने उनकी सफलता की मजबूत नींव रखी। डीएवी मुख्यमंत्री



पब्लिक स्कूल, जांता क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक शिक्षण पद्धति, नैतिक मूल्यों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पहचान रखता है। विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पलक और वेदांश की सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय परिवार ने पलक महेश्वरी और वेदांश महेश्वरी को उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि एक बार फिर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा की पुष्टि करती है।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने सख्त हुआ शिक्षा महकमा

हरिभूमि न्यूज : बेमेतरा



■ मासिक व तिमाही परीक्षा में खराब प्रदर्शन पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम तथा हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं की जिला पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर ने कमजोर परीक्षा परिणामों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित प्राचार्यों और विषय शिक्षकों से जवाब-तलब किया तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ ने कहा कि केवल पाठ्यक्रम पूरा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थी विषय को अच्छी तरह समझ रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में नियमित मासिक परीक्षण, कक्षा में पूरी तैयारी के साथ अध्यापन, कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं, नियमित गृहकार्य तथा उसकी सतत निगरानी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। सीईओ ने सत्र 2026-27 के लिए हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम न्यूनतम 80 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी का 90 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए। साथ ही द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा-2026 में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मासिक एवं तिमाही परीक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित प्राचार्यों एवं विषय शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने एवं मूल्यांकन प्रणाली में एकरूपता लाने के लिए जिला स्तरीय कोर ग्रुप समिति एवं विषय विशेषज्ञ समिति के माध्यम से प्रश्नपत्र तैयार कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) नकुल प्रसाद पनागर सहित जिले के संबंधित प्राचार्य एवं व्याख्याता उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट, बस स्टैंड गार्डन के कायाकल्प, ऑडिटोरियम नामकरण सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

# पीआईसी बैठक में विकास कार्यों को मिली गति, पिकरी मुक्तिधाम के उन्नयन लिए 50 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज : बेमेतरा



नगर पालिका परिषद बेमेतरा की प्रेसीडेंट- इन-काउंसिल (पीआईसी) की बैठक शनिवार नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर के समग्र विकास, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, जन सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में लिए गए निर्णयों को नगर के विकास की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। बैठक की सबसे महत्वपूर्ण घोषणा पिकरी स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन को लेकर रही। परिषद को जानकारी दी गई कि राज्य शासन द्वारा मुक्तिधाम के विकास एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से मुक्तिधाम में अधोसंरचना का विकास, सौंदर्यीकरण तथा नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

नगर में लगातार बढ़ रही ई-रिक्शा की संख्या को ध्यान में रखते हुए परिषद ने चार प्रमुख स्थानों पर ई-रिक्शा चार्जिंग (रिचार्ज) प्वाइंट स्थापित करने का निर्णय लिया। इससे ई-रिक्शा चालकों को सुविधा मिलने के साथ-साथ स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत सिघोरी स्थित नवनिर्मित ऑडिटोरियम का नाम भारत रत्न पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही ऑडिटोरियम परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित कर उसका अनावरण भी कराया जाएगा। नगर में विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिषद ने लापरवाही बरतने वाले डिफॉल्टर ठेकेदारों के कार्य निरस्त करने का निर्णय भी लिया। परिषद का मानना है कि इससे निर्माण कार्यों में तेजी आएगी और नागरिकों को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड गार्डन के व्यापक कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया। गार्डन को आधुनिक सुविधाओं से विकसित कर आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में तैयार किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर मनोरंजन एवं विश्राम का वातावरण मिल सके। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि परिषद का उद्देश्य नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है और आने वाले समय में नगर में कई नई विकास परियोजनाएं धरातल पर दिखाई देंगी। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति पंचू साहू, गौरव साहू, नीतू कोठारी, विकास तम्बोली, आकिब मलकानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा, भोला पटेल, बिसरु राम साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

